हज़रत ईसा मसीह और मरयम क़ुरआन के दर्पण में

मुहम्मद ज़ैनुलआबिदीन मंसूरी
अनुवाद
नुज़हत यासमीन

विषय सूची

- दो शब्द. 7
- भूमिका. 9

ईसा मसीह *(अलै.)*

- ईसा मसीह *(अलै.)* ईश्वरीय दूत 11
- ईसा मसीह *(अलै.)* को स्पष्ट निशानियाँ दी गईं 11
- ईशदूतों में कोई भेदभाव नहीं 12
- ईसा मसीह *(अलै.)* अन्य ईशदूतों की भाँति ईशदूत 13
- ईसा मसीह *(अलै.)* की न हत्या हुई, न उन्हें सूली पर चढ़ाया गया 14
- ईसा मसीह *(अलै.)* ने अनेकेश्वरवाद से रोका 14
- प्राचीन अधर्मियों का अनुकरण 15
- ईशदूत ईसा मसीह *(अलै.)* का मिशन 16
- ईसा मसीह *(अलै.)* और त्रिईश्वरवाद 16
- परमेश्वर से ईसा मसीह *(अलै.)* और अन्य ईश-दूतों की प्रतिज्ञा 17
- ईशदूत मुहम्मद *(सल्ल.)* के प्रति ईशदूत ईसा मसीह की भविष्यवाणी ... 18
- ईशदूत ईसा मसीह *(अलै.)* के चमत्कार 18
- ईसा मसीह *(अलै.)* परमेश्वर के पुत्र नहीं बल्कि उसकी रचना हैं 19
- ईशदूत ईसा मसीह *(अलै.)* ने पूर्ण एकेश्वरवाद की शिक्षा दी 22
- न तो रब्बी खुदा हैं, न ईसा मसीह 22
- ईसा मसीह *(अलै.)* परमेश्वर के दास (बन्दे) से अधिक कुछ नहीं 23
- ईसा मसीह *(अलै.)* क़ुरआन के प्रकाश में 24

मरयम *(अलै॰)*

- मरयम *(अलै॰)* का जन्म 26
- चमत्कारिक आहार 26
- मरयम *(अलै॰)* की अवस्था 27
- परमेश्वर का आदेश 27
- हज़रत मुहम्मद *(सल्ल॰)* से, मरयम *(अलै॰)* के विषय में 27
- शुभ सूचना 28
- मरयम *(अलै॰)* पर आरोप लगानेवालों का परिणाम 28
- ईसा मसीह—मरयम की ओर प्रेषित—परमेश्वर का एक आदेश मात्र 29
- मरयम *(अलै॰)* का चमत्कारिक मातृत्व 29

परिशिष्ट

परिशिष्ट 'क'

- ◈ बाइबिल का कथन— ईसा मसीह या कोई अन्य जीव प्रभु नहीं.... 33
- ◈ परमेश्वर शब्द ईशदूतों (नबियों) के लिए भी प्रयुक्त किया गया है 36

परिशिष्ट 'ख'

- ◈ त्रिईश्वरवाद का इतिहास 37
- – त्रिईश्वरवाद का प्रतिपादन 38
- – त्रिईश्वरवाद विश्वास का निर्माण 39
- – त्रिईश्वरवाद और उसका सिद्धान्त नया नियम (New Tastament) में नहीं है ... 40
- – त्रिईश्वरवाद- तीन शताब्दियों में संयोजित किया जानेवाला धार्मिक विश्वास 40

परिशिष्ट 'ग'

- ◈ चमत्कार और ईश्वरत्व- बाइबिल के शब्दों में 41

परिशिष्ट 'घ'

- ◈ बाइबिल में पुत्र, सन्तान, पिता, परमेश्वर, पवित्र-आत्मा शब्दों का प्रयोग 43

◈ पुत्र, परमेश्वर के पुत्र और पिता शब्द प्रतीकात्मक रूप में प्रयुक्त हुए हैं, शाब्दिक अर्थ में नहीं 43
◈ परमेश्वर के न केवल पुत्र बल्कि पुत्रियाँ भी 45
◈ निष्कर्ष 46
परिशिष्ट 'च'
◈ अन्य भी पवित्र आत्मा से परिपूर्ण— बाइबिल 47
परिशिष्ट 'छ'
◈ बाइबिल और कुरआन/इस्लाम की शिक्षाओं में समानताएँ 48
परिशिष्ट 'ज'
◈ बाइबिल की विभिन्न प्रतियों के सम्बन्ध में ईशवाणी की 'गंभीर एवं घोर त्रुटियों' को 'ठीक ठाक' करने के मानवीय प्रयासों का इतिहास 51
परिशिष्ट 'झ'
◈ कुरआन की ऐतिहासिक प्रामाणिकता 54
◈ Bibliography..56

तुम ईमानवालों की दुश्मनी में सबसे ज़्यादा सख़्त यहूदियों और मुशरिकों (बहुदेववादियों) को पाओगे, और ईमान लानेवालों के लिए दोस्ती में सबसे क़रीब उन लोगों को पाओगे, जिन्होंने कहा था कि हम 'नसारा'[1] हैं। यह इस कारण कि उनमें इबादत करनेवाले आलिम और दुनिया छोड़नेवाले साधु व फ़क़ीर पाए जाते हैं और उनमें अहंकार नहीं है। (क़ुरआन, 5:82)

○

ऐ नबी कहो, "ऐ किताबवालो[2], आओ एक ऐसी बात की ओर जो हमारे और तुम्हारे बीच समान है। यह कि हम अल्लाह के सिवा किसी की बन्दगी न करें, उसके साथ किसी और को साझी न ठहराएँ, और हममें से कोई अल्लाह के सिवा किसी को अपना रब न बना ले।" इस दावत (आमंत्रण) को स्वीकार करने से अगर वे मुँह मोड़ें तो साफ़ कह दो कि गवाह रहो, हम तो मुसलिम (केवल अल्लाह की बन्दगी और आज्ञापालन करनेवाले) हैं। (क़ुरआन, 3:64)

○

किन्तु सभी किताबवाले[3] समान नहीं हैं। उनमें कुछ लोग ऐसे भी हैं जो सीधे रास्ते पर क़ायम हैं, रातों को अल्लाह की आयतें पढ़ते हैं और उसके आगे सजदा करते हैं, अल्लाह और अन्तिम दिन पर ईमान रखते हैं, नेकी का आदेश देते हैं, बुराइयों से रोकते हैं और भलाई के कामों में सरगर्म रहते हैं। ये नेक लोग हैं। (क़ुरआन, 3:113-114)

1. जिन्हें अब 'ईसाई' कहा जाता है।
2,3. यह पारिभाषिक शब्द क़ुरआन में यहूदी व ईसाई धर्म के अनुयायियों के लिए आया है; जिनके मार्गदर्शन के लिए 'किताबें' अर्थात् 'ईशग्रंथ' अवतरित हुए।

दो शब्द

पवित्र क़ुरआन में हज़रत ईसा मसीह *(अलै.)** और उनकी पवित्रात्मा माँ के म्बन्ध में जो कुछ कहा गया है, उसे प्रस्तुत पुस्तक में लेखक ने बहुत ही सुन्दर ंग से पेश करने का प्रयास किया है। चूँकि हज़रत ईसा *(अलै.)* और उनकी माता ज़रत मरयम *(अलै.)* के सम्बन्ध में बहुत-से वक्तव्य क़ुरआन की विभिन्न सूरतों ं मिलते हैं, इसलिए लेखक ने उन्हें अलग-अलग शीर्षकों के अन्तर्गत सुन्दर ढंग ो संकलित कर दिया है और उन वक्तव्यों में से क़ुरआन जिनकी पुष्टि करता ; या जिन बातों का खण्डन करता है, उनको भी लेखक ने संक्षिप्त टीका के साथ आरम्भ में ही स्पष्ट कर दिया है।

हज़रत ईसा *(अलै.)* के सम्बन्ध में लेखक का कहना है कि क़ुरआन में ार-बार यह बात कही गई है कि हज़रत ईसा न तो ख़ुदा के बेटे थे और न ही ख़ुदा। वे मात्र अल्लाह के बन्दे और उसके प्रतिष्ठित नबी थे। निश्चित रूप से सा मसीह का जन्म चमत्कारिक रूप में पवित्रात्मा मरयम की कोख से हुआ और न्हें चमत्कार भी दिए गए। जैसे कि निपट अन्धे की आँखों में रौशनी का ले आना और किसी मृत को जीवित कर देना। परन्तु उनका चमत्कारिक जन्म और नके चमत्कार उनको ख़ुदा नहीं बना देते। पवित्र क़ुरआन इस बात का खण्डन रता है कि ईसा *(अलै.)* ने कभी स्वयं ख़ुदा होने का दावा किया था। क़ुरआन ा इस बात का भी खण्डन किया है कि उन्होंने कभी स्वयं को ख़ुदा का बेटा होने ा दावा किया है। यदि उन्होंने अपने को ख़ुदा का बेटा कहा भी हो तो इसका र्थ यह लिया जाना चाहिए कि वे ख़ुदा के बहुत ही चहीते थे। बाइबिल में ज़रत दाऊद *(अलै.)* को भी ख़ुदा का बेटा कहा गया है। परन्तु उन्हें कभी भी ख़ुदा के बेटे की हैसियत नहीं दी गई। इसके अतिरिक्त हज़रत ईसा *(अलै.)* के ागिर्दों ने उन्हें कभी ख़ुदा नहीं समझा। उन्होंने हज़रत ईसा *(अलै.)* की न तो भी पूजा की और न उनसे कोई प्रार्थना। जब हज़रत ईसा *(अलै.)* के एक िकटतम शागिर्द, पीटर, से उनके सम्बन्ध में पूछा गया तो उसने केवल इतना हा कि वे एक नबी थे। ईसा *(अलै.)* के ईश्वर होने का विचार बहुत बाद का ;, जिसे ईसाई धारणा का अंश बनने में सदियाँ लग गईं।

* अलै. — 'अलैहिस्सलाम' अर्थात 'सलामती हो उन पर'।

इस पुस्तक के लेखक जनाब मंसूरी साहब लिखते हैं कि क़ुरआन हज़रत मरयम *(अलै.)* को एक ऐसी पवित्रात्मा कुँवारी स्त्री बताता है जिसने अपने आपको पूर्ण रूप से ईश्वर की पूजा-उपासना के लिए अर्पित कर दिया था। ईश्वर ने एक फ़रिश्ते के द्वारा अपनी रहमत का सन्देश भेजा कि वे एक महानात्मा पुत्र को जन्म देंगी। अतः उन्होंने हज़रत ईसा *(अलै.)* को जन्म दिया, जिन्होंने अपनी पवित्रात्मा माता पर लांछन लगानेवालों को पालने में से ही सम्बोधित करते हुए कहा, "निस्सन्देह मैं अल्लाह का बन्दा हूँ। उसने मुझे किताब दी और नबी बनाया और बरकतवाला बनाया जहाँ भी मैं रहूँ। और नमाज़ और ज़कात की पाबन्दी का आदेश दिया जब तक मैं जीवित रहूँ और अपनी माता का हक़ अदा करनेवाला बनाया।" (क़ुरआन 19:30-33)

यह बात ध्यान देने योग्य है कि क़ुरआन ने यह कभी नहीं कहा कि हज़रत मरयम का किसी यूसुफ़ नामक व्यक्ति से विवाह हुआ था। जैसा कि हम ईसाई इंजीलों में देखते हैं। क्या यह बात विचित्र नहीं लगती कि मरयम का एक पवित्र कुँवारी की हैसियत से गुणगान भी हो और उन्हें यूसुफ़ की विवाहिता के रूप में भी प्रस्तुत किया जाए। वास्तव में क़ुरआन मरयम *(अलै.)* का वर्णन जिस अन्दाज़ से करता है वह इंजीलों से कहीं अधिक सुन्दर है।

लेखक ने पुस्तक के अन्त में विभिन्न मसीही स्रोतों से उद्धरण उल्लिखित किए हैं जो क़ुरआन की आयतों की पुष्टि करते हैं। उन्होंने यह सिद्ध करने का प्रयास किया है कि ईसाइयों की त्रिईश्वरवाद की यह धारणा कि हज़रत ईसा *(अलै.)* ख़ुदा के बेटे हैं या वे स्वयं ख़ुदा हैं, साधारणतः बहुत बाद की अवधारणा है, जो तीन शताब्दियों तक ईसाइयों के विभिन्न पंथों के मध्य चलते रहनेवाले वाद-विवाद के निर्णयात्मक समझौते के परिणामस्वरूप अस्तित्व में आई।

मुझे पूरा विश्वास है कि यह पुस्तक उन लोगों के लिए अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगी जो हज़रत ईसा और मरयम *(अलै.)* के सम्बन्ध में सत्य जानने के इच्छुक हैं। ईश्वर उन लोगों पर कृपा करे। इस पुस्तक के लेखक की सेवा को भी स्वीकार करे और उन पर अपनी दया और कृपा करे।

(प्रो.) मुहम्मद अब्दुल-हक़ अन्सारी

निदेशक, इस्लामी एकेडमी

नई दिल्ली

भूमिका

इस्लाम की तीन मौलिक धारणाओं में से एक, 'रिसालत' पर ईमान की धारणा है। शेष दो में से पहली एकेश्वरवाद की धारणा है। अर्थात् अपने व्यक्तित्व और गुणों में ईश्वर केवल एक है और वह परम है। दूसरी धारणा परलोकवाद की धारणा है। अर्थात् मृत्यु के पश्चात सारे मानव एक (क़ियामत के) दिन जीवित किए जाएँगे और संसार में जो कर्म उन्होंने किए उनका निर्णय किया जाएगा। नियामनुसार अच्छे कर्मों के बदले में स्वर्ग या बुरे कर्मों के बदले में नरक की यातना होगी।

क़ुरआन, जो ईश्वर की ओर से अवतरित होनेवाले मार्गदर्शन की शृंखला की अन्तिम कड़ी है, कम से कम 24 नबियों का उल्लेख करता है और बिना किसी भेदभाव के उन सबकी रिसालत पर समान रूप से ईमान लाने को अनिवार्य ठहराता है।

क़ुरआन तीस से अधिक आयतों में हज़रत ईसा *(अलै.)* का उल्लेख करता है, जिनमें उनके चमत्कारिक रूप से जन्म का, उनके उच्च पद का, उनके मिशन और चमत्कारिक रूप में संसार से उठाए जाने का वर्णन किया गया है।

दूसरे नबियों की माओं के विपरीत केवल हज़रत मसीह *(अलै.)* की माँ मरयम ही एकमात्र ऐसी स्त्री हैं जिनका उल्लेख क़ुरआन मजीद ने अपनी लगभग 12 आयतों में किया है, जिनमें उनकी पवित्रता, चमत्कारिक रूप से हज़रत मसीह को जन्म देने और उनको संसार की स्त्रियों में से उच्च पद पर नियुक्त किए जाने की हैसियत से वर्णन किया गया।

इस छोटी सी पुस्तिका में हज़रत ईसा *(अलै.)* और उनकी माता हज़रत मरयम *(अलै.)* के सम्बन्ध में क़ुरआन की आयतों के अर्थों का अनुवाद उन लोगों (विशेष रूप से ईसाई भाइयों) के हित में किया गया है जो हज़रत मसीह और उनकी माँ मरयम *(अलै.)* के सम्बन्ध में क़ुरआन के दृष्टिकोण को जानने और समझने की इच्छा रखते हैं।

ईसाई भाइयों की सुविधा के लिए हज़रत मसीह *(अलै.)* के सम्बन्ध में सत्य को जानने के लिए बाइबिल (पुराना नियम और नया नियम की पुस्तकों) से

विभिन्न उद्धरण दिए गए हैं, जो क़ुरआन की आयतों की पुष्टि करते हैं। इसी के साथ ईसाई भाइयों की कुछ महत्त्वपूर्ण धार्मिक पुस्तकों के उद्धरण भी दे दिए गए हैं। इससे पाठकों को क़ुरआन के 'मुहैमिन' अर्थात उन तमाम सच्चाइयों के रक्षक, संरक्षक और परिरक्षक होने पर दृढ़ विश्वास करने का एक अच्छा अवसर प्राप्त हो जाएगा जो (बाइबिल सहित) सभी पूर्वकालिक ईश्वरीय ग्रन्थों में, स्पष्ट रूप से उनमें हस्तक्षेप के बावजूद, आज भी मौजूद हैं।

मूल अंग्रेज़ी पुस्तक के इस हिन्दी रूपान्तर में पुस्तक की विषय-वस्तुओं को, विशेष रूप से पवित्र ग्रन्थों (क़ुरआन और बाइबिल) के उद्धरणों के परिप्रेक्ष्य में अच्छी तरह जाँच लिया गया है। पुस्तक को बेहतर बनाने के लिए अंग्रेज़ी पुस्तक के दूसरे संस्करण के अनुसार कुछ सुधार किए गए हैं और कुछ जानकारियों की वृद्धि की गई है।

हमारा प्रयास रहा है कि इस पुस्तक में प्रूफ़ आदि की दृष्टि से कोई त्रुटि न रहे। लेकिन यदि फिर भी कहीं कोई त्रुटि पाई जाती है तो पाठकगण हमें सूचित करें। हम उनके आभारी होंगे।

ईश्वर उन सब लोगों पर अपनी कृपा, और सत्य की ओर मार्गदर्शन करे जो निष्ठापूर्वक सत्य की खोज में हों।

मुहम्मद ज़ैनुलआबिदीन मंसूरी
नई दिल्ली

ईसा मसीह *(अलै.)*

ईसा मसीह *(अलै.)* ईश्वरीय दूत

ईसा मसीह *(अलै.)* ईश्वरीय दूत थे....... ईश्वरीय दूत के सिवा और कुछ न थे। न तो उनमें दैवी गुण थे, न ही उनकी माता मरयम में। वे दोनों ईश्वर के दूसरे प्राणियों की भाँति प्रतिदिन भोजन करते थे। क़ुरआन में है–

मरयम का बेटा मसीह इसके सिवा कुछ नहीं कि बस एक रसूल (पैग़म्बर) था, उससे पहले और भी बहुत से रसूल हो चुके थे, उसकी माता एक सत्यवती[1] स्त्री थी, और वे दोनों भोजन[2] करते थे। देखो हम किस प्रकार उनके समक्ष यथार्थ की निशानियाँ स्पष्ट करते हैं, फिर देखो ये किधर उलटे फिरे जाते हैं, (क़ुरआन, 5:75)

वह (ईसा मसीह) बोल उठा, "मैं अल्लाह का बन्दा हूँ, उसने मुझे किताब दी और नबी बनाया और बरकतवाला किया जहाँ भी मैं रहूँ। और मुझे नमाज़ और ज़कात (दान) की पाबन्दी का आदेश दिया जब तक मैं जीवित रहूँ। और अपनी माँ का हक़ अदा करनेवाला बनाया और मुझको ज़ालिम और अत्याचारी नहीं बनाया। सलाम है मुझपर जबकि मैं पैदा हुआ और जबकि मैं मरूँ और जबकि मैं जीवित करके उठाया जाऊँ।" यह है मरयम का बेटा ईसा और यह है उसके विषय में वह सच्ची बात जिसमें लोग सन्देह कर रहे हैं। अल्लाह का यह काम नहीं कि वह किसी को अपना बेटा बनाए। वह पवित्र ज़ात है, वह जब किसी बात का निर्णय करता है तो कहता है कि हो जा, और बस वह हो जाती है। (क़ुरआन, 19:30-35)

ईसा मसीह *(अलै.)* को स्पष्ट निशानियाँ दी गईं

ईसा मसीह *(अलै.)* का जन्म एक चमत्कार था। उनके कोई पिता नहीं थे,

1. वे (मरयम) सत्यवती थीं और उन्होंने कभी यह दावा नहीं किया कि वे प्रभु की माँ हैं या उनका बेटा ईश्वर है।

2 ईश्वर के अन्य प्राणियों की भाँति 'प्रतिदिन भोजन करना' दैवी गुण या ईश्वरीय गुण के विपरीत है।

इसी कारण पवित्र क़ुरआन में उनका उल्लेख 'मरयम का पुत्र' कह कर किया गया है। परमेश्वर ने उन्हें आध्यात्मिक शक्ति और आदेश पवित्र आत्मा द्वारा प्रदान किया। ईसा मसीह *(अलै.)* से सम्बन्धित कुछ असाधारण घटनाओं और चमत्कारों का वर्णन क़ुरआन स्पष्ट निशानियों द्वारा करता है।

हमने मूसा को 'किताब' (तौरात) दी, उसके पश्चात निरन्तर रसूल भेजे, अन्त में मरयम के बेटे ईसा को स्पष्ट निशानियाँ देकर भेजा और पवित्र आत्मा से उसकी सहायता की। फिर यह तुम्हारा क्या ढंग है कि जब भी कोई रसूल (ईश्वरीय दूत) तुम्हारी अपनी इच्छाओं के प्रतिकूल कोई चीज़ लेकर तुम्हारे पास आया, तो तुमने (उसके मुक़ाबले में) सरकशी ही की। (क़ुरआन, 2:87)

और जब ईसा स्पष्ट निशानियाँ लिए हुए आया तो उसने कहा, "मैं तुम लोगों के पास तत्वदर्शिता लेकर आया हूँ, और इसलिए आया हूँ कि तुम पर कुछ उन बातों की वास्तविकता खोल दूँ जिनमें तुम मतभेद कर रहे हो, अतः तुम अल्लाह से डरो और मेरी बात मानो"

(क़ुरआन, 43:63)

ये रसूल ऐसे हुए हैं कि इनमें हमने कुछ को कुछ पर श्रेष्ठता प्रदान की। इनमें कोई ऐसा था, जिससे अल्लाह ने स्वयं बातें कीं, किसी को उसने दूसरी हैसियतों से ऊँचे दरजे दिए, और अन्त में मरयम के बेटे ईसा को खुली निशानियाँ प्रदान कीं और पवित्र आत्मा से उसकी सहायता की।

(क़ुरआन, 2:253)

और मरयम के बेटे और उसकी माँ को हमने एक निशानी बनाया और उनको एक उच्च धरातल पर रखा जो इत्मीनान की जगह थी और स्रोत उसमें प्रवाहित थे। (क़ुरआन, 23:50)

ईशदूतों में कोई भेदभाव नहीं

दूसरे धर्मों की मान्यताओं के विपरीत इस्लाम धर्म के अनुयायियों में 'हमारे पैग़म्बर', 'तुम्हारे पैग़म्बर' या 'उनके पैग़म्बर' जैसी धारणा नहीं पाई जाती। क़ुरआन के आदेशानुसार प्रत्येक मुस्लिम ईशदूतों पर बिना किसी अन्तर या भेद-भाव के, अनिवार्य रूप से आस्था रखता है।

कहो, "हम ईमान लाए अल्लाह पर और उस मार्गदर्शन पर जो हमारी ओर उतरा है और जो इबराहीम, इसमाईल, इसहाक़, याक़ूब और याक़ूब की सन्तान की ओर उतरा था और जो मूसा और ईसा और दूसरे सभी पैग़म्बरों को उनके प्रभु की ओर से दिया गया था। हम उनके[1] बीच कोई अन्तर नहीं करते और हम अल्लाह के मुस्लिम (आज्ञाकारी) हैं।" (क़ुरआन, 2:136)

(ऐ नबी) कहो, "हम अल्लाह को मानते हैं, उस शिक्षा को मानते हैं जो हम पर उतारी गई है। उन शिक्षाओं को भी मानते हैं जो इबराहीम, इसमाईल, इसहाक़, याक़ूब और याक़ूब की सन्तान पर उतरी थीं, और उन आदेशों को भी मानते हैं जो मूसा और ईसा और दूसरे पैग़म्बरों को उनके प्रभु की ओर से दिए गए। हम उनके बीच अन्तर नहीं करते और हम अल्लाह के आज्ञाकारी (मुस्लिम) हैं।" (क़ुरआन, 3:84)

ईसा मसीह *(अलै.)* अन्य ईशदूतों की भाँति ईशदूत

ईशदूत नूह *(अलै.)* से मुहम्मद (सल्ल.)[2] तक आनेवाले सभी ईशदूतों की भाँति ईसा मसीह भी एक ईशदूत[3] थे। उन सब में एक चीज़ सर्व सामान्य थी; और वह थी ईश-प्रकाशना।

(ऐ नबी) हमने तुम्हारी ओर उसी प्रकार प्रकाशना भेजी है जिस प्रकार नूह और उसके बाद के पैग़म्बरों की ओर भेजी थी। हमने इबराहीम, इसमाईल, इसहाक़, याक़ूब और याक़ूब की सन्तान, ईसा, अय्यूब, यूनुस, हारून और सुलैमान की ओर प्रकाशना भेजी। हमने दाऊद को ज़बूर दी। (क़ुरआन, 4:163)

फिर हमने उसे (इबराहीम को) इसहाक़ और याक़ूब जैसे पुत्र दिए और हर एक का पथ-प्रदर्शन किया। (वही सीधा मार्ग जो) उससे पहले नूह

1. ईशदूतों का मौलिक सन्देश एक ही रहा है। एकेश्वरवाद, परलोक की धारणा और ईशदूतों पर विश्वास रखना। यही इस्लाम का भी सन्देश है।
2. सल्ल. = 'सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम'— अर्थात् 'अल्लाह की करुणा और सलामती हो उनपर'
3. ईसा मसीह के ईशदूत होने के सम्बन्ध में देखें मरक़ुस 6:4, जहाँ उन्होंने स्वयं को एक ईशदूत कहा है।

को दिखाया था, और उसकी सन्तान में हमने दाऊद, सुलैमान, अय्यूब, यूसुफ़, मूसा और हारून को सीधा मार्ग दिखाया। इस प्रकार हम सत्कर्मी लोगों को उनकी नेकी का बदला देते हैं। (उसी की सन्तान में) ज़करिय्या, यह्या, ईसा और इलयास को मार्ग दिखाया। हर एक इनमें नेक था। (क़ुरआन, 6:84-85)

ईसा मसीह *(अलै.)* की न हत्या हुई, न उन्हें सूली पर चढ़ाया गया

यह तथ्य विचारणीय है कि ईसाई धर्म के आरम्भिक समय में ईसाइयों का बेसीलीडन नामक गरोह इस पर विश्वास नहीं रखता था कि ईसा मसीह की मृत्यु सूली पर हुई है। उनकी धारणा यह थी कि किसी अन्य व्यक्ति को उनके स्थान पर सूली चढ़ाया गया। क़ुरआन का दृष्टिकोण यह है कि ईसा मसीह की यहूदियों द्वारा न तो हत्या की गई और न उन्हें सूली पर चढ़ाया गया, बल्कि कुछ ऐसी परिस्थितियाँ सामने आईं जिन्होंने उनके शत्रुओं को सन्देह में डाल दिया।

क़ुरआन का उल्लेख है—

उन्होंने कहा, "हमने मरयम के बेटे ईशदूत ईसा मसीह की हत्या कर दी है"— हालाँकि वास्तव में इन्होंने न उसकी हत्या की, न सूली पर चढ़ाया बल्कि मामला इनके लिए सन्दिग्ध कर दिया गया। और जिन लोगों ने इसके विषय में मतभेद किया है वे भी वास्तव में सन्देह में पड़े हुए हैं, उनके पास इस मामले में कोई ज्ञान नहीं है, केवल अटकल पर चल रहे हैं। उन्होंने उस (मसीह) की निश्चय ही हत्या नहीं की। (क़ुरआन, 4:157)

ईसा मसीह *(अलै.)* ने अनेकेश्वरवाद से रोका

मरक़ुस (12:29) के अनुसार ईशदूत ईसा *(अलै.)* का कथन है कि 'सब आज्ञाओं में से यह मुख्य हैः हे इस्राईल सुन! प्रभु हमारा परमेश्वर एक ही प्रभु है।'

किसी सरदार ने उससे (ईसा मसीह से) पूछा, "ऐ उत्तम गुरू, अनन्त जीवन का अधिकारी होने के लिए मैं क्या करूँ?" यीशू ने उससे कहा, "तू मुझे उत्तम क्यों

कहता है? कोई उत्तम नहीं, केवल एक, अर्थात् परमेश्वर।"(लूक़ा 18:18-19) यूहन्ना (20:17) के अनुसार, ईसा मसीह ने मरयम मगदलीनी से कहा, "मेरे भाइयों के पास जाकर उनसे कह दे कि मैं अपने पिता और तुम्हारे पिता, और अपने परमेश्वर और तुम्हारे परमेश्वर के पास ऊपर जाता हूँ।" मत्ती (4:10) के अनुसार ईसा मसीह ने शैतान को, ईश्वर के सिवा किसी और देवी या देवता की उपासना करने की प्रेरणा देने पर फिटकारा।

क़ुरआन के अनुसार ईशदूत ईसा मसीह ने इसराईलियों को चेतावनी दी कि यदि वे ईश्वर की उपासना में दूसरों को साझी ठहराएंगे तो उनका परिणाम अत्यन्त दुखदायी होगा।

पवित्र क़ुरआन ईसा मसीह के कथन का वर्णन करता है—

"निश्चय ही कुफ्र (अधर्म) किया उन लोगों ने जिन्होंने कहा अल्लाह मरयम का बेटा मसीह ही है। हालाँकि मसीह ने कहा था कि, "ऐ इसराईलियो, अल्लाह की बन्दगी करो जो मेरा प्रभु भी है तुम्हारा प्रभु[1] भी। जिसने अल्लाह के साथ किसी को साझी ठहराया उसके लिए अल्लाह ने जन्नत वर्जित कर दी और उसका ठिकाना नरक है और ऐसे अत्याचारियों का कोई सहायक नहीं।" (क़ुरआन, 5:72)

प्राचीन अधर्मियों का अनुकरण

समस्त प्राचीन शास्त्रों में ऐसी नैतिक कथाएँ मिलती हैं जिनमें मनुष्यों को 'देवता' या 'ईशपुत्र' का स्थान दिया गया है। जिस काल में ईशदूतों की शिक्षा भुला या मिटा दी गई थी, उस समय अज्ञान और अन्धविश्वास ने इन कथाओं को फलने-फूलने में ख़ूब सहायता की। किन्तु, जब ईशदूतों, विशेष रूप से ईशदूत मूसा *(अलै.)* और ईशदूत ईसा मसीह *(अलै.)*, ने स्पष्ट शब्दों में ईश्वर से अपने सम्बन्ध की व्याख्या कर दी, तो इस अन्धविश्वास का कोई तर्क न बचा। यहूदियों का यह कथन कि उज़ैर ईश्वर के बेटे हैं और ईसाइयों की यह धारणा कि ईसा मसीह ईश्वर के बेटे हैं, पुराने अधर्मियों के अनुकरण में हैं। पवित्र क़ुरआन इस विश्वास का खण्डन करता है—

यहूदी कहते हैं कि उज़ैर अल्लाह का बेटा है, और ईसाई कहते हैं कि

1. परिशिष्ट क देखें

मसीह अल्लाह का बेटा है। ये असत्य बातें हैं जो वे अपनी ज़बानों से निकालते हैं उन लोगों की देखा-देखी जो इनसे पहले कुफ़्र (अधर्म) में ग्रस्त हुए थे। अल्लाह की मार इन पर, ये कहाँ से धोखा खा रहे हैं।'

(क़ुरआन, 9:30)

ईशदूत ईसा मसीह *(अलै.)* का मिशन

ईसा मसीह *(अलै.)* का मिशन अन्य ईशदूतों से भिन्न नहीं था। यह उसी मिशन की शृंखला की एक कड़ी थी जो प्राचीन ईशदूतों पर अवतरित होनेवाले धर्मग्रन्थों द्वारा ईश्वरीय मार्गदर्शन की पुष्टि करती थी और सत्य, सदियों के हस्तक्षेप से प्रभावित होने के बावजूद सुरक्षित था।

फिर हमने इन पैग़म्बरों के पश्चात मरयम के बेटे ईसा को भेजा। तौरात में से जो कुछ उसके सामने मौजूद था, वह उसकी पुष्टि करनेवाला था। और हमने उसे इंजील प्रदान की जिसमें मार्गदर्शन और प्रकाश था और वह भी तौरात में से जो कुछ उस समय मौजूद था उसकी पुष्टि करनेवाली थी और अल्लाह से डरनेवाले लोगों के लिए सर्वथा मार्गदर्शन और नसीहत थी। (क़ुरआन, 5:46)

ईसा मसीह *(अलै.)* और त्रिईश्वरवाद

किसी व्यक्ति विशेष से अथाह श्रद्धा और उत्साह जनसाधारण को आधारहीन विश्वास और त्रुटिपूर्ण कर्म पर उभार सकता है। इसी प्रकार धर्म के मामले में लोगों का असन्तुलित व्यवहार और हद से निकल जाना उन्हें धर्म के वास्तविक विश्वास के विरुद्ध कर देता है। पवित्र क़ुरआन, जिसमें सत्य धर्म और उत्तम कर्मों की शिक्षा सुरक्षित है, 'किताबवालों' को आदेश देता है कि वे त्रिईश्वरवाद[1] को छोड़ दें।

ऐ किताबवालो, अपने धर्म में हद से आगे न बढ़ो और अल्लाह से लगाकर सत्य के अतिरिक्त कोई बात न कहो। मरयम का बेटा ईसा मसीह इसके सिवा कुछ न था कि अल्लाह का एक रसूल था और एक आदेश था जो अल्लाह ने मरयम की ओर भेजा और एक आत्मा थी

1. परिशिष्ट 'क' देखें

अल्लाह की ओर से (जिसने मरयम के गर्भाशय में बच्चे का रूप धारण किया)। अतः तुम अल्लाह और उसके रसूलों (दूतों) को मानो और न कहो कि "तीन" हैं। बाज़ आ जाओ, यह तुम्हारे ही लिए अच्छा है। अल्लाह तो बस एक ही ईश्वर है। वह पाक है इससे कि कोई उसका बेटा हो। धरती और आकाशों की सारी वस्तुओं का वही मालिक है, और उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति और उनकी ख़बर रखने के लिए बस वही काफ़ी है। (क़ुरआन, 4:171)

परमेश्वर से ईसा मसीह *(अलै.)* और अन्य ईशदूतों की प्रतिज्ञा

यूँ तो समस्त जीवित प्राणी अपनी-अपनी प्रकृति के अनुसार ईश्वरीय नियम का पालन करने के लिए अन्तर्निहित रूप से वचन-बद्ध हैं किन्तु सभी ईशदूतों से परमेश्वर ने यह विशेष प्रतिज्ञा ली है कि वे सख़्ती और दृढ़ता से उसके मिशन को पूरा करेंगे। किसी भय या लालच में पड़े बिना ईश्वरीय सत्य का एलान करेंगे और कर्तव्य-पालन के लिए तैयार रहेंगे, अर्थात् ईश्वरीय आदेश को पूरी निष्ठा और आज्ञाकारिता से हर परिस्थिति में पूरा करेंगे। परमेश्वर ने ऐसा ही वचन ईसा मसीह *(अलै.)* से भी लिया है—

और (ऐ नबी) याद करो उस प्रतिज्ञा को जो हमने सब पैग़म्बरों से ली है; तुमसे भी और नूह और इबराहीम और मूसा और मरयम के बेटे ईसा से भी। सब से हम दृढ़ वचन ले चुके हैं। ताकि सच्चे लोगों से (उनका प्रभु) उन की सच्चाई के बारे में पूछे और इनकार करनेवालों के लिए तो उसने दुखदायिनी यातना जुटा ही रखी है। (क़ुरआन, 33:7-8)

उसने तुम्हारे लिए वही धर्म निर्धारित किया है जिसकी ताकीद उसने नूह को की थी, और जिसे (ऐ मुहम्मद) अब तुम्हारी ओर हमने प्रकाशना के द्वारा भेजा है, और जिसका आदेश हम इबराहीम और मूसा और ईसा को दे चुके हैं, इस ताकीद के साथ कि स्थापित करो इस धर्म को और इसमें अलग-अलग न हो जाओ। यही बात इन बहुदेववादियों को बहुत अप्रिय लगी है जिसकी ओर (ऐ मुहम्मद) तुम

उन्हें बुला रहे हो। अल्लाह जिसे चाहता है अपने लिए चुन लेता है और वह अपनी ओर आने का मार्ग उसी को दिखाता है जो उसकी ओर रुजू करे।

(क़ुरआन, 42:13)

ईशदूत मुहम्मद *(सल्ल.)* के प्रति ईशदूत ईसा मसीह *(अलै.)* की भविष्यवाणी

कुरआन के अनुसार ईसा मसीह *(अलै.)* ने अपने बाद ईशदूत मुहम्मद *(सल्ल.)* के आगमन की स्पष्ट शब्दों में घोषणा की।

और याद करो मरयम के बेटे ईसा की वह बात जो उसने कही थी, "ऐ इसराईल के बेटो, मैं तुम्हारी ओर अल्लाह का भेजा हुआ रसूल हूँ, पुष्टि करनेवाला हूँ उस तौरात की जो मुझसे पहले आई हुई मौजूद है, और शुभसूचना देनेवाला हूँ एक रसूल (दूत) की जो मेरे बाद आएगा जिसका नाम अहमद[1] होगा।" किन्तु जब वह उनके पास खुली-खुली निशानियाँ लेकर आया तो उन्होंने कहा, "यह तो खुला धोखा है।"

(क़ुरआन, 61:6)

ईशदूत ईसा मसीह *(अलै.)* के चमत्कार

पवित्र क़ुरआन में ईशदूत ईसा मसीह *(अलै.)* के अनेक चमत्कारों का उल्लेख है। उदाहरणस्वरूप ईसा मसीह ने शैशवकाल में, पालने में भी लोगों से बातें कीं और बड़ी उम्र में पहुँचकर भी। वे मिट्टी से पक्षी का पुतला बनाते और उसमें फूँक मारते तो वह जीवित पक्षी बन जाता। पैदाइशी अन्धे और कोढ़ी को अच्छा कर देते और मुर्दों को जीवित कर देते। ये चमत्कार वे स्वयं अपनी इच्छा और सामर्थ्य से नहीं वरन् परमेश्वर की अनुमति और आदेश से दिखाते थे।

और जब फ़रिश्तों ने कहा, "ऐ मरयम, अल्लाह तुझे अपने एक आदेश की शुभ सूचना देता है। उसका नाम मरयम का बेटा ईसा मसीह[2] होगा,

1. अरबी के अहमद (या मुहम्मद) शब्द का अर्थ वही है जो ग्रीक भाषा के शब्द 'पेरिकलाइटॉस' का है। प्रचलित बाइबिल की अंग्रेज़ी प्रति में शब्द 'कमफ़ॉर्टर' (Comforter) ग्रीक शब्द पेरसीलॉटॉस का अनुवाद है जिसके अर्थ वकील के हैं। वकील जो कि सहायक है, दोस्त है (यूहन्ना– 14:16, 15:26, 16:7) पुराने नियम में हबक्कूक 3:3 एवं व्यवस्थाविवरण 33:2 भी देखें।
2. लूका 2:21 देखें

लोक और परलोक में प्रतिष्ठित होगा, अल्लाह के निकटवर्ती सेवकों में उसकी गणना होगी, लोगों से पालने[1] में भी बात करेगा और बड़ी उम्र को पहुँच कर भी, और वह एक नेक व्यक्ति होगा।" (क़ुरआन, 3:45-46)

(और जब वह रसूल के रूप में इसराईलियों के पास आया तो उसने कहा,) "मैं तुम्हारे प्रभु की ओर से तुम्हारे पास निशानी लेकर आया हूँ। मैं तुम्हारे सामने मिट्टी से पक्षी के रूप की एक आकृति बनाता हूँ और उसमें फूँक मारता हूँ, वह अल्लाह के आदेश से पक्षी बन जाती है। मैं अल्लाह की अनुमति से पैदाइशी अन्धे और कोढ़ी को अच्छा करता हूँ और मुर्दे को जीवित करता हूँ।"[2] (क़ुरआन, 3:49)

(फिर कल्पना करो उस अवसर की) जब अल्लाह कहेगा, "ऐ मरयम के बेटे ईसा, याद कर मेरी उस नेमत को जो मैंने तुझे और तेरी माँ को प्रदान की थी। मैंने पवित्र आत्मा से तेरी सहायता की, तू पालने में भी लोगों से बात-चीत करता था और बड़ी उम्र को पहुँच कर भी। मैंने तुझको 'किताब' और गहरी समझ और तौरात और इंजील की शिक्षा दी। तू मेरी अनुमति से मिट्टी का पुतला पक्षी के रूप का बनाता और उसमें फूँकता था और वह मेरी अनुमति से पक्षी बन जाता था। तू पैदाइशी अन्धे और कोढ़ी को मेरी अनुमति से अच्छा करता था, तू मुर्दों को मेरी अनुमति से निकालता (जीवित करता) था।[3] (क़ुरआन, 5:110)

ईसा मसीह *(अलै.)* परमेश्वर के पुत्र नहीं बल्कि उसकी रचना हैं

पवित्र क़ुरआन के अनुसार ईसा मसीह *(अलै.)* परमेश्वर के पुत्र नहीं हैं, बल्कि परमेश्वर ने उनको वैसे ही पैदा किया, जैसे आदम को पैदा किया था। ईसा मसीह *(अलै.)* के कोई पिता नहीं थे, जैसा कि आदम (और हव्वा) के न पिता थे और न माता थीं।[4]

1. पवित्र बाइबिल के उल्लेख के लिए परिशिष्ट 'स' देखें।
2. परिशिष्ट 'ग' देखें
3. परिशिष्ट 'ग' देखें
4. परिशिष्ट 'घ' देखें

निस्सन्देह अल्लाह की दृष्टि में ईसा की मिसाल आदम जैसी है कि अल्लाह ने उसे मिट्टी से पैदा किया और आदेश दिया कि हो जा और वह हो गया। यह मूल तथ्य है जो तुम्हारे प्रभु की ओर से बताया जा रहा है और तुम उन लोगों में सम्मिलित न हो जो इसमें सन्देह करते हैं। यह ज्ञान आ जाने के पश्चात अब जो कोई इस विषय में तुमसे झगड़ा करे, तो ऐ नबी, उससे कहो, "आओ हम और तुम स्वयं भी आ जाएँ और अपने-अपने बाल-बच्चों को भी ले आएँ और ईश्वर से प्रार्थना करें कि जो झूठा हो उसपर अल्लाह की फिटकार हो।"

(क़ुरआन, 3:59-61)

कहो, "ऐ किताबवालो! आओ एक ऐसी बात की ओर जो हमारे और तुम्हारे बीच समान है। यह कि हम अल्लाह के सिवा किसी की बन्दगी न करें, उसके साथ किसी को साझी न ठहराएँ, और हम में से कोई अल्लाह के सिवा किसी को अपना प्रभु न बना ले।"

(क़ुरआन, 3:64)

और सोचो कि जब (यह एहसान याद दिलाकर) अल्लाह कहेगा, "ऐ मरयम के बेटे ईसा, क्या तूने लोगों से कहा था कि अल्लाह के सिवा मुझे और मेरी माँ को भी ईश्वर बना लो?" तो वह उत्तर में कहेगा, "महिमावान है अल्लाह! मेरा यह काम न था कि वह बात कहता जिसके कहने का मुझे अधिकार न था। अगर मैंने ऐसी बात कही होती तो तुझे अवश्य मालूम होता। तू जानता है जो कुछ मेरे मन में है और मैं नहीं जानता जो कुछ तेरे मन में है। आप तो सारे छिपे तथ्यों के ज्ञाता हैं। मैंने उनसे उसके अतिरिक्त कुछ नहीं कहा जिसका तूने मुझे आदेश दिया था, यह कि 'अल्लाह की बन्दगी और सेवा करो जो मेरा प्रभु भी है और तुम्हारा प्रभु भी।' मैं उसी समय तक उनका निगराँ था जब तक मैं उनके बीच था। जब तूने मुझे वापस बुला लिया तो फिर तू ही उनका निरीक्षक था। और तू तो सारी ही चीज़ों पर साक्षी है।"

(क़ुरआन, 5:116-117)

निश्चय ही कुफ़्र (अधर्म) की नीति अपनाई उन लोगों ने जिन्होंने कहा, मरयम का बेटा मसीह ही अल्लाह है। ऐ नबी, उनसे कहो कि अगर

अल्लाह मरयम के बेटे मसीह को और उसकी माँ और समस्त धरतीवालों को विनष्ट कर देना चाहे तो किसकी शक्ति है कि उसको इस निश्चय से रोक सके? अल्लाह तो धरती और आसमानों का और उन सब चीज़ों का मालिक है जो धरती और आसमानों के बीच पाई जाती हैं, जो कुछ चाहता है पैदा करता है और उसे हर चीज़ की सामर्थ्य प्राप्त है। (क़ुरआन, 5:17)

लोगों ने कह दिया कि अल्लाह ने किसी को बेटा बनाया है। पाक है अल्लाह! वह तो निस्पृह है, आकाशों और धरती में जो कुछ है वह सबका स्वामी है। तुम्हारे पास इसके लिए आख़िर क्या प्रमाण है? क्या तुम अल्लाह के बारे में ऐसी बातें कहते हो जिसका तुम्हें ज्ञान नहीं है?

(क़ुरआन, 10:68)

उनका कहना है कि अल्लाह ने किसी को बेटा बनाया है। अल्लाह पाक है इन बातों से। वास्तविक तथ्य यह है कि धरती और आकाशों में पाई जानेवाली सभी चीज़ों का वह मालिक है, सबके सब उसके आज्ञाकारी हैं, वह आकाशों और धरती का आविष्कारक है, और जिस बात का वह निर्णय करता है, उसके लिए बस वह आदेश देता है कि "हो जा" और वह हो जाती है। (क़ुरआन, 2:116-117)

वे कहते हैं, "करुणामय प्रभु, सन्तानवाला है।" पाक है अल्लाह, वे (अर्थात फ़रिश्ते) तो दास हैं जिन्हें प्रतिष्ठित किया गया है।

(क़ुरआन, 21:26)

वे कहते हैं कि करुणामय (ईश्वर) ने किसी को बेटा बनाया है– बड़ी ही अनर्गल बात है जो तुम लोग गढ़ लाए हो। निकट है कि आकाश फट पड़ें, धरती फट जाए और पहाड़ गिर जाएँ, इस बात पर कि लोगों ने करुणामय के लिए सन्तान होने का दावा किया। करुणामय प्रभु की प्रतिष्ठा के प्रतिकूल है कि वह किसी को अपना बेटा बनाए। धरती और आकाशों में जो भी है सब उसकी सेवा में बन्दों के हैसियत से (पुनरुज्जीवन के दिन) पेश होनेवाले हैं। (क़ुरआन, 19:88-93)

यहूदी कहते हैं कि उज़ैर अल्लाह का बेटा है, और ईसाई कहते हैं कि मसीह अल्लाह का बेटा है। ये असत्य बातें हैं जो वे अपनी ज़बानों से

निकालते हैं उन लोगों की देखा-देखी जो इनसे पहले कुफ़्र (अधर्म) में ग्रस्त हुए थे। अल्लाह की मार इन पर, ये कहाँ से धोखा खा रहे हैं।

(क़ुरआन, 9:30)

ईशदूत ईसा मसीह *(अलै.)* ने पूर्ण एकेश्वरवाद की शिक्षा दी

पवित्र क़ुरआन की बुनियादी शिक्षा पूर्ण, निश्चित एवं व्यापक रूप में एकेश्वरवाद के मौलिक विश्वास पर आधारित है। क़ुरआन अनेक स्थानों पर उन लोगों से, जो इस "एक विश्वास" को टुकड़ों में बाँटते या पृथक करते हैं, या वर्गों में बाँट डालते हैं, अपील करता है कि इस्लाम उनका अपना धर्म है। इस सन्दर्भ में सूरा (अध्याय) 43, आयत 26-28 में यह अनुरोध अरब के विधर्मियों से किया गया है कि तुम्हारे पूर्वज इबराहीम ने जिस धर्म का उपदेश दिया था, वह 'इस्लाम' ही है। आयत 46 से 54 में वैसी ही अपील यहूदियों से मूसा *(अलै.)* के सम्बन्ध में की गई है। और यही अपील ईसाइयों से आयत 57 से 65 में की गई है।

और जब ईसा स्पष्ट निशानियाँ लिए हुए आया था तो उसने कहा था, "मैं तुम लोगों के पास तत्वदर्शिता लेकर आया हूँ, और इसलिए आया हूँ कि तुम पर कुछ उन बातों की वास्तविकता खोल दूँ जिनमें तुम मतभेद कर रहे हो। अतः तुम अल्लाह से डरो और मेरी बात मानो। सत्य यह है कि अल्लाह ही मेरा भी प्रभु है और तुम्हारा भी प्रभु। उसी की तुम बन्दगी करो, यही सीधा मार्ग है।" (क़ुरआन, 43:63-64)

न तो रब्बी ख़ुदा हैं, न ईसा मसीह

परमेश्वर और मनुष्य के बीच पुरोहितवाद द्वारा सम्बन्ध स्थापित करने की धारणा अनुचित है। दावा किया जाता है कि ये पुरोहित परमेश्वर के रहस्यों के विशिष्ट पात्र होते हैं। यह धारणा परमेश्वर की महानता का निरादर करनेवाली और इनसान को उसकी दया-दृष्टि से दूर करनेवाली है। पुरोहितों या सन्तों की उपासना धर्म से विचलन की गम्भीर घटना है। इस प्रवृत्ति को अन्धविश्वास के कारण ही हर युग में प्रोत्साहन मिला है। यहूदी अन्धविश्वास का विकास तलमूद में स्पष्ट रूप से दिखता है, जबकि ईसाई अन्धविश्वास इस तथ्य में निहित है कि चर्च के सन्त (पोप) कभी ग़लतियाँ नहीं कर सकते। 'कई प्रभुवों, कई ईश्वरों' की उपासना का (जो सिर्फ़ बहुदेववादियों तक ही सीमित नहीं है), तथा मसीह (अलै.) के ईश्वर होने का, क़ुरआन खण्डन करता है।

इन्होंने अपने धर्मज्ञाताओं और संसार-त्यागी संतों को अल्लाह के सिवा अपना प्रभु[1] बना लिया है और इसी प्रकार मरयम के बेटे मसीह को भी। हालाँकि उनको 'एक पूज्य' के सिवा किसी की बन्दगी करने का आदेश नहीं दिया गया था; जिसके सिवा कोई बन्दगी का अधिकारी नहीं। पाक है वह उन शिर्क (बहुदेववाद) सम्बन्धी बातों से जो वे लोग करते हैं। (क़ुरआन, 9:31)

ईसा मसीह *(अलै.)* परमेश्वर के दास (बन्दे) से अधिक कुछ नहीं

कुरआन के अवतरण-काल में एकेश्वरवाद की धारणा का नवीनीकरण किया गया और एक ईश्वर की उपासना के अतिरिक्त किसी की भी उपासना वर्जित कर दी गई। इसी सन्दर्भ में अरब के बहुदेववादियों के समक्ष ईसा मसीह *(अलै.)* का उदाहरण पेश किया गया जिनकी परमेश्वर या परमेश्वर के पुत्र के रूप में झूठी पूजा की जा रही थी। उन्होंने बड़ी सावधानी से विचार विमर्श कर इस विषय में सन्देह व भ्रान्ति पैदा कीं, मज़ाक़ बनाया और खिल्ली उड़ाई। इस तथ्य को महत्व देने और इसके सत्य सन्देश को स्वीकार करने के स्थान पर उन्होंने सन्देह और उलझाव पैदा किए, बेबुनियाद झगड़े खड़े किए और बहुदेववाद के औचित्य को सिद्ध करने की कोशिश की। कुरआन का कथन है—

और ज्यों ही मरयम के बेटे की मिसाल दी गई, तुम्हारी जाति के लोगों ने उसपर शोर मचा दिया और लगे कहने कि हमारे पूज्य अच्छे हैं या वह? यह मिसाल तुम्हारे सामने केवल कुतर्क के लिए लाए हैं, वास्तविकता यह है कि ये हैं ही झगड़ालू लोग। मरयम का बेटा इसके सिवा कुछ न था कि एक बन्दा (दास) था जिसे हमने अपना कृपापात्र बनाया और इसराईल की सन्तान के लिए उसे अपने चमत्कार का एक नमूना बना दिया। (क़ुरआन, 43:57-59)

---

1. यहूदी और ईसाई विद्वान और पुरोहित जिन चीज़ों को वैध कहते जन साधारण उन्हें वैध समझते और जिसे अवैध घोषित करते उसे अवैध समझते। ऐसा करके वे परमेश्वर की उपासना छोड़ अपने पुरोहितों की उपासना करने लगे क्योंकि किसी चीज़ को वैध या अवैध ठहराने का अधिकार केवल परमेश्वर को है।

ईसा मसीह *(अलै.)* कुरआन के प्रकाश में

कुरआन की उपर्युक्त आयतों के अतिरिक्त कुरआन की अनेक दूसरी आयतों में भी ईसा मसीह *(अलै.)* का वर्णन प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में मौजूद है। उनमें से कुछ निम्नलिखित हैं –

जब ईसा को उनके (बनी-इसराईल के) अविश्वास और इनकार का आभास हुआ तो उसने कहा, "कौन अल्लाह के मार्ग में मेरा सहायक होता है?" हवारियों (साथियों) ने उत्तर दिया, "हम अल्लाह के सहायक हैं, हम अल्लाह पर ईमान लाए, गवाह रहो कि हम मुस्लिम (अल्लाह के आज्ञाकारी) हैं। ऐ हमारे रब, जो आदेश तूने अवतरित किया है हमने उसे मान लिया और रसूल का अनुसरण स्वीकार किया, हमारा नाम गवाही देनेवालों में लिख ले।" (कुरआन, 3:52-53)

फिर इसराईली (मसीह के विरुद्ध) गुप्त उपाय करने लगे। उत्तर में अल्लाह ने भी अपना गुप्त उपाय किया और ऐसे उपायों में अल्लाह सबसे बढ़कर है। (कुरआन, 3:54)

(वह अल्लाह का छिपा उपाय ही था) जब उसने कहा, "ऐ ईसा, अब मैं तुझे वापस ले लूँगा और तुझको अपनी ओर उठा लूँगा और जिन्होंने तेरा इनकार किया है उनसे (अर्थात् उनकी संगत से और उनके गन्दे वातावरण में उनके साथ रहने से) तुझे पाक कर दूँगा और तेरे अनुयायियों को क़ियामत तक उन लोगों के ऊपर रखूँगा जिन्होंने तेरा इनकार किया है। फिर तुम सबको अन्त में मेरे पास आना है, उस समय मैं उन बातों का निर्णय कर दूँगा जिनमें तुम्हारे बीच मतभेद हुआ है।"

(कुरआन, 3:55)

इसराईल की सन्तान में से जिन लोगों ने इनकार की नीति अपनाई उनपर दाऊद और मरयम के बेटे ईसा की ज़बान से लानत की गई क्योंकि वे सरकश और उद्दण्ड हो गए थे और ज़्यादतियाँ करने लगे थे, उन्होंने एक दूसरे को बुरे कर्मों के करने से रोकना छोड़ दिया था।

(कुरआन, 5:78-79)

और जब मैंने 'हवारियों' (मसीह के साथवालों) के दिलों में डाला कि मुझपर और मेरे रसूल पर ईमान लाओ तब उन्होंने कहा कि "हम ईमान लाए और गवाह रहो कि हम मुस्लिम हैं"– (हवारियों के सम्बन्ध में) यह

घटना भी याद रहे कि जब हवारियों ने कहा, "ऐ मरयम के बेटे ईसा, क्या आपका प्रभु हम पर आकाश से भोजन से भरा थाल उतार सकता है?" तो ईसा ने कहा, "अल्लाह से डरो अगर तुम ईमानवाले हो" उन्होंने कहा, "हम तो बस यह चाहते हैं कि उस थाल से भोजन करें और हमारे हृदय सन्तुष्ट हों और हमें मालूम हो जाए कि आपने जो कुछ हमसे कहा है वह सच है, और हम उसपर गवाह हों।" इसपर मरयम के बेटे ईसा ने प्रार्थना की, "ऐ अल्लाह, हमारे प्रभु! हम पर आकाश से एक थाल उतार जो हमारे लिए और हमारे अगलों और पिछलों के लिए हर्ष का कारण ठहरे और तेरी ओर से एक निशानी हो, हमें रोज़ी दे और तू उत्तम आजीविका-दाता है।" (क़ुरआन, 5:111-114)

उनके बाद हमने एक के बाद एक अपने रसूलों को भेजा, और उन सबके बाद मरयम के बेटे ईसा को भेजा और उसको इंजील प्रदान की और जिन लोगों ने उसका अनुसरण किया उनके दिलों में हमने तरस और दयालुता डाल दी और रहबानियत (संन्यास) की प्रथा उन्होंने स्वयं गढ़ी थी, हमने उसे उनके लिए अनिवार्य नहीं किया था, किन्तु अल्लाह की ख़ुशी की तलब में उन्होंने स्वयं ही एक नई चीज़ निकाली और इसकी पाबन्दी करने का जो हक़ था उसे अदा न किया। उनमें से जो लोग ईमान लाए हुए थे उनका प्रतिदान हमने उनको प्रदान किया, किन्तु उनमें से अधिकतर लोग अवज्ञाकारी हैं।

(क़ुरआन, 57:27)

ऐ लोगो जो ईमान लाए हो, अल्लाह के सहायक बनो, जिस तरह मरयम के बेटे ईसा ने हवारियों को सम्बोधित करके कहा था, "कौन है अल्लाह की ओर (बुलाने में) मेरा सहायक?" और हवारियों ने उत्तर दिया था, "हम हैं अल्लाह के सहायक।" उस समय इसराईल की सन्तान का एक गरोह ईमान लाया और दूसरे गरोह ने इनकार किया। फिर हमने ईमान लानेवालों का उनके शत्रुओं के मुक़ाबले में समर्थन किया और वही छा कर रहे। (क़ुरआन, 61:14)

मरयम *(अलै.)*

मरयम *(अलै.)* का जन्म

मरयम *(अलै.)* की माँ का उल्लेख क़ुरआन में 'इमरान की स्त्री' कह कर किया गया है। उन्होंने मरयम *(अलै.)* के जन्म से पहले अपने बच्चे को (उस समय की प्रचलित परम्परा के अनुसार) परमेश्वर की सेवा में अर्पित करने का प्रण लिया था।

(अल्लाह उस समय सुन रहा था) जब इमरान की स्त्री कह रही थी, "मेरे पालनकर्ता! मैं उस बच्चे को जो मेरे पेट में है तुझे भेंट स्वरूप अर्पित करती हूँ, वह तेरे ही कार्य के लिए अर्पित होगा। मेरी इस भेंट को स्वीकार कर। निस्सन्देह तू सुनता, जानता है।" फिर जब उसके यहाँ बच्ची ने जन्म लिया तो उसने कहा, "मेरे रब! मेरे यहाँ तो लड़की पैदा हो गई है– हालाँकि जो कुछ उसने जना था अल्लाह उसे जानता ही था[1] और लड़का लड़की की तरह नहीं होता[2]– ख़ैर, मैंने इसका नाम मरयम रख दिया है और मैं उसे और उसकी भावी सन्तान को तिरस्कृत शैतान (के उपद्रव) से तेरी शरण में देती हूँ।" (क़ुरआन, 3:35-36)

चमत्कारिक आहार

अल्लाह के विशेष संरक्षण और ज़करिय्या की देख-रेख में मरयम *(अलै.)* बड़ी हुईं। उनकी आध्यात्मिक और भौतिक आवश्यकताएँ परमेश्वर द्वारा विशेष रूप से पूरी होती थीं।

अतः उसके रब ने उस लड़की को सहर्ष स्वीकार कर लिया। उसे बड़ी अच्छी लड़की बना कर उठाया और ज़करिय्या को उसका सरपरस्त बना दिया। ज़करिय्या जब कभी उसके पास मेहराब (इबादतगाह) में जाता तो उसके पास कुछ न कुछ खाने-पीने की चीज़ पाता। पूछता, "मरयम यह तेरे पास कहाँ से आया?" वह उत्तर देती, "अल्लाह के पास से आया है। निस्सन्देह अल्लाह जिसे चाहता है बेहिसाब रोज़ी देता है।"

(क़ुरआन, 3:37)

1. अल्लाह को यह ज्ञात था कि मरयम, जन्म लेनेवाली बालिका, साधारण लड़की नहीं बल्कि बड़ी होकर अल्लाह के एक दूत की माँ बननेवाली है।
2. यहूदियों के क़ानून में एक बालिका ईश्वर की सेवा में अर्पित नहीं की जा सकती।

मरयम *(अलै.)* की अवस्था

मरयम अद्वितीय थीं। सारे संसार की स्त्रियों में वे एकमात्र ऐसी स्त्री थीं, जिनका चयन अल्लाह ने इसलिए किया कि वे किसी पुरुष से शारीरिक सम्बन्ध के बिना एक बच्चे को जन्म दें, तथा अपने चरित्र की पवित्रता और स्त्रीत्व की रक्षा करें।

(फिर वह समय आया जब मरयम से) फ़रिश्तों ने कहा, "ऐ मरयम, अल्लाह ने तुझे चुना और पवित्रता प्रदान की और सारे संसार की स्त्रियों में तुझे आगे रखकर अपनी सेवा के लिए चुन लिया है।"

(क़ुरआन, 3:42)

परमेश्वर का आदेश

मरयम *(अलै.)* एक इनसान थीं। परमेश्वर द्वारा चयन की गई थीं, किन्तु परमेश्वर की दास थीं और इससे अधिक कुछ और न थीं। अल्लाह ने उन्हें आदेश दिया था कि वे उसकी उपासना करें जैसा कि दूसरे आस्थावान उसकी उपासना करते हैं।

"ऐ मरयम, अपने रब की आज्ञाकारी बन कर रह, उसके आगे सजदा कर और जो बन्दे उसके आगे झुकनेवाले हैं उनके साथ तू भी झुक जा।"

(क़ुरआन, 3:43)

हज़रत मुहम्मद *(सल्ल.)* से मरयम *(अलै.)* के विषय में

ईसाई मिथ्यावली के अनुसार मरयम के संरक्षण और देख-रेख के प्रश्न पर पुरोहितों के बीच एक विवाद उठ खड़ा हुआ। इस घटना के लगभग सात शताब्दियों के पश्चात, जबकि ईशदूत मुहम्मद *(सल्ल.)* इस मतभेद के बारे में कुछ भी नहीं जानते थे, और न जान सकते थे, उन्हें आख़िर यह जानकारी कहाँ से प्राप्त हुई। यह निस्सन्देह ईश्वरीय प्रकाशना थी जिसके द्वारा उन्हें इस घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। अतः ईसाई धर्म के अनुयायियों के लिए यह आवश्यक था, और आज भी आवश्यक है कि वे मुहम्मद *(सल्ल.)* के ईशदूत होने और क़ुरआन क़े अल्लाह की प्रकाशना होने का विश्वास करें।

(ऐ नबी) ये परोक्ष की सूचनाएँ हैं जो हम तुमको प्रकाशना के द्वारा बता रहे हैं, अन्यथा तुम उस समय वहाँ मौजूद न थे जब हैकल (उपासना गृह) के सेवक यह निर्णय करने के लिए कि मरयम का सरपरस्त कौन

हो, अपनी-अपनी क़लम[1] फेंक रहे थे, और न तुम उस समय उपस्थित थे जब उनके बीच झगड़ा हो गया था। (क़ुरआन, 3:44)

शुभ सूचना

जब मरयम *(अलै.)* को एक पुत्र की शुभ सूचना दी गई तो वे आश्चर्यचकित रह गईं क्योंकि उन्हें किसी पुरुष ने स्पर्श तक नहीं किया था। तब उन्हें बताया गया कि अल्लाह सर्वशक्ति सम्पन्न है, जो चाहता है उत्पन्न करता है।

और जब फरिश्ते ने कहा, "ऐ मरयम, अल्लाह तुझे अपने एक आदेश की शुभ सूचना देता है। उसका नाम मसीह मरयम का बेटा, ईसा होगा, लोक और परलोक में प्रतिष्ठित होगा, अल्लाह के निकटवर्ती बन्दों में उसकी गणना होगी; लोगों से पालने में भी बात करेगा और बड़ी उम्र को पहुँचकर भी; और वह एक नेक व्यक्ति होगा। यह सुनकर मरयम बोली, "पालनहार, मेरे यहाँ बच्चा कहाँ से होगा, मुझे तो किसी मर्द ने हाथ तक नहीं लगाया।" उत्तर मिला, "ऐसा ही होगा, अल्लाह जो चाहता है पैदा करता है। जब वह किसी कार्य के करने का निर्णय करता है तो वह कहता है कि 'हो जा' और वह हो जाता है।"

(क़ुरआन, 3:45-47)

मरयम पर आरोप लगानेवालों का परिणाम

इस्लाम स्त्रियों के चरित्र के सम्मान और संरक्षण में अत्यन्त सख़्त एवं संवेदनशील है। क़ुरआन के अनुसार यदि स्त्री पर लांछन लगानेवाले चार गवाह प्रस्तुत नहीं कर सकें तो उन्हें अस्सी कोड़े मारे जाएँ और किसी भी क़ानूनी मामले में उन्हें गवाह के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया जाए।

वे लोग, जिन्होंने परमेश्वर से किए हुए वचन को तोड़ डाला, अल्लाह की निशानियों को अस्वीकार किया और पैग़म्बरों की हत्या की, अल्लाह ने उनके दिलों पर उनके अधर्म के कारण मोहर लगा दी

---

1. मूल अरबी में अक़लाम शब्द प्रयुक्त हुआ है जो क़लम का बहुवचन है। यह अरबों की रीति थी कि किसी विवाद का समाधान निकालने के लिए तीर या क़लम फेंका करते थे। उस समय यह विवाद उठ खड़ा हुआ था कि मरयम *(अलै.)* का अभिभावक कौन हो, जिसे उनकी माँ ने ईश्वर की सेवा में अर्पित किया था। इस प्रकार उनका निर्णय ज़करिय्या *(अलै.)* के हित में हुआ था।

ह्र उन्होंने ईश्वरीय विश्वास का इनकार किया और मरयम *(अलै.)* पर
ारित्रहीन होने का झूठा आरोप लगाया।

अन्ततः इनके प्रतिज्ञा भंग करने के कारण और इस कारण कि न्होंने अल्लाह की आयतों को झुठलाया और अनेक पैग़म्बरों की ाहक़ हत्या की और यहाँ तक कहा कि 'हमारे हृदय आवरणों में ुरक्षित हैं।' हालाँकि वास्तव में इनके अधर्म के कारण अल्लाह ने नके दिलों पर ठप्पा लगा दिया है और इसी कारण ये बहुत कम ईमान ाते हैं— फिर अपने इनकार में ये इतने बढ़े कि मरयम पर बड़ा लांछन ागाया। (क़ुरआन, 4:155-156)

़सा मसीह— मरयम की ओर प्रेषित - परमेश्वर का एक 'आदेश' मात्र

परमेश्वर के आदेश से मरयम किसी पुरुष-सम्पर्क के बिना गर्भवती हुईं। ारम्भ में, ईसाई धर्म के अनुयायियों पर ईसा मसीह *(अलै.)* के, बिना पिता के न्म लेने का यह भेद स्पष्ट था। परन्तु समय बीतने के साथ-साथ उनके बीच सा मसीह *(अलै.)* के ईश्वर होने का झूठा विश्वास जड़ पकड़ गया। पवित्र ़रआन 'किताब वालों' को चेतावनी देते हुए कहता है—

किताबवालो! अपने धर्म में हद से आगे न बढ़ो और अल्लाह से गाकर सत्य के अतिरिक्त कोई बात न कहो। मसीह, मरयम का बेटा, सा इसके सिवा कुछ न था कि अल्लाह का एक रसूल था और एक ादेश था जो अल्लाह ने मरयम की ओर भेजा और एक आत्मा थी ल्लाह की ओर से। (क़ुरआन, 4:171)

ारयम *(अलै.)* का चमत्कारिक मातृत्व

जब फ़रिश्ता मानव-रूप में मरयम *(अलै.)* के पास आया और उनसे कहा कि वे एक बच्चे ो जन्म देंगी तो वे अपनी शील-पवित्रता के कारण उसका विश्वास न कर सकीं। क़ुरआन उन टनाओं का क्रमबद्ध वर्णन करता है। मरयम *(अलै.)* का गर्भवती होना, बच्चे का जन्म, इस जन्म र लोगों का आश्चर्य और आपत्ति, यह चमत्कार कि बच्चा पालने में लोगों से बातें करता और नकी आपत्ति का जवाब देता है, स्वयं को परमेश्वर का दास (बन्दा) घोषित करता है और अपना रिचय देता है कि वह परमेश्वर का दूत होगा जिसे परमेश्वर की ओर से प्रकाशना दी जाएगी।

(और ऐ नबी!) इस किताब में मरयम का हाल बयान करो, जबकि
अपने लोगों से अलग होकर पूर्व की ओर एकान्तवासी[1] हो गई थी उ
परदा डालकर उनसे छिप बैठी थी[2]। इस दशा में हमने अपनी
आत्मा को (अर्थात फ़रिश्ते को) भेजा और वह उसके सामने एक
मनुष्य के रूप में प्रकट हो गया। मरयम सहसा बोल उठी कि, "अ
तू कोई ईश्वर से डरनेवाला आदमी है तो मैं तुझसे करुणामय ईश्वर
शरण माँगती हूँ।" उसने कहा, "मैं तो तेरे रब का भेजा हुआ हूँ उ
इसलिए भेजा गया हूँ कि तुझे एक पवित्र लड़का दूँ।" मरयम ने क
"मेरे यहाँ लड़का कैसे होगा जबकि मुझे किसी मर्द ने छुआ तक न
है और मैं कोई बदचलन औरत नहीं हूँ।" फ़रिश्ते ने कहा, "ऐसा
होगा, तेरा रब कहता है कि ऐसा करना मेरे लिए बहुत आसान है उ
हम यह इसलिए करेंगे कि उस लड़के को लोगों के लिए एक निशा
बनाएँ और अपनी ओर से एक दयालुता। और यह काम होकर रहना है

मरमय को उस बच्चे का गर्भ रह गया और वह उस गर्भ को लिए
एक दूर के स्थान पर चली गई। फिर प्रसव-पीड़ा ने उसे एक खजूर
वृक्ष के नीचे पहुँचा दिया। वह कहने लगी, "क्या ही अच्छा होता
मैं इससे पहले ही मर जाती और मेरा नाम-निशान न रहता।" फ़रि
ने पाँयती से उसको पुकार कर कहा, "शोकाकुल न हो, तेरे प्रभु ने
नीचे (पानी का) एक स्रोत बहा दिया है और तू तनिक इस वृक्ष के
को हिला, तेरे ऊपर रस भरी ताज़ा खजूरें टपक पड़ेंगी। अतः तू
और पी और अपनी आँखें ठण्डी कर। फिर यदि कोई आदमी
दिखाई दे तो उससे कह दे कि, "मैंने करुणामय (ईश्वर) के लिए
की मन्नत मानी है, इसलिए मैं आज किसी से न बोलूँगी।"

फिर वह उस बच्चे को लिए हुए अपनी जातिवालों में आई। लोग क
लगे, "ऐ मरयम, यह तो तूने बड़ा पाप कर डाला। ऐ हारून की बहि

---

